(iii) उपर्युक्त के अतिरिक्त बैंकों की वार्षिक लेखाबन्दी की तिथि निम्नवत् होगी :-

क्र0	बैंकों की लेखाबन्दी	अवकाश की संख्या	ग्रिगोरियन कलैण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय शक् सम्वत् के अनुसार तिथि	विक्रम सम्वत् के अनुसार तिथि	सप्ताह का दिन
1	2	3	4	5	6	7
1	**वाणिज्यिक बैकों की वार्षिक लेखाबंदी	1	01 अप्रैल, 2025	चैत्र 11, 1947	चैत्र शुक्ल 03, 2082	मंगलवार

** केवल बैंकों/कोषागार/उपकोषागारों हेतु।

(iv) कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत अवकाशों की सूची :-

क्र0	त्योहारों के नाम	अवकाश की संख्या	ग्रिगोरियन कलैण्डर के अनुसार तिथि	राष्ट्रीय शक् सम्वत् के अनुसार तिथि	विक्रम सम्वत् के अनुसार तिथि	सप्ताह का दिन
1	2	3	4	5	6	7
1	गुरू गोविन्द सिंह जंयती	1	06 जनवरी, 2025	पौष 16, 1946	पौष शुक्ल 07, 2081	सोमवार
2	गुरू तेग बहादुर शहीद दिवस	1	24 नवम्बर, 2025	अग्रहायण 03, 1947	मार्गशीर्ष 04, 2082	सोमवार

3- मैनुअल आफ गवर्नमेन्ट आर्ड्र्स (संशोधित), 1981 संस्करण पैरा-247(सी) की व्यवस्थानुसार जिलाधिकारी अपने स्तर से अधिकतम 03 स्थानीय अवकाश घोषित कर सकते हैं जिसके संबंध में कारण स्पष्ट करते हुए प्रत्येक वर्ष के प्रारम्भ में संबंधित आयुक्त को अवगत करायेंगे। यदि तीन स्थानीय अवकाशों से अधिक स्थानीय अवकाश घोषित किये जाने की आवश्यकता हो तो इस हेतु शासन की पूर्वानुमति प्राप्त करनी होगी।

4- विभागाध्यक्ष कार्यालयों एवं अन्य विभागो में जहाँ पांच दिवसीय कार्य सप्ताह लागू है वहाँ कार्यकारी आदेशों के अन्तर्गत घोषित अवकाश तथा प्रस्तर-3 में उल्लिखित जिलाधिकारियों द्वारा घोषित स्थानीय अवकाश लागू नही होंगे।

आज्ञा से,

जितेन्द्र कुमार,
अपर मुख्य सचिव।